चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भास्कर	2-11-26	3	1-4

सेवा सम्मान समारोह • कर्मचारी विवि से जुड़कर सकारात्मक सहयोग देते रहें : प्रो. काम्बोज

एचएयू में तीन महीनों में सेवानिवृत्त हुए 38 कर्मचारियों को वीसी ने शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह हुआ। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने पिछले तीन महीनों में सेवानिवृत्त हुए 38 कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

कुलपति ने कहा कि कर्मचारियों के सामूहिक योगदान से विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्मचारी विश्वविद्यालय से जुड़कर विकास कार्यों में सकारात्मक सहयोग देते रहें और अपने अनुभव नई पीढ़ी के साथ साझा करें, ताकि कार्य संस्कृति मजबूत हो।



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ। कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

गत तीन माह के दौरान सात वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 30 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. राकेश सांगवान, डॉ. रचना गुलाटी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. राजपाल सिंह, डॉ. अनिल कुमार महता व डॉ. राकेश गहलोत जबकि कैंपस स्कूल से शिक्षक अर्चना लांबा शामिल हैं। गैर शिक्षक कर्मचारियों में रणधीर सिंह, अशोक कुमार, अनूप सिंह, भजन सिंह, मुनीश कुमार, मनफूल सिंह, राजकुमार, राजे राम, नंद बहादूर, रानी देवी, भूप सिंह, कलावती, संजया देवी, दिनेश कुमार, साधु राम पंवार, भगवान दास, ईश्वर सिंह, सरदार यादव, सुरेश कुमार, हनुमान सिंह, बलजीत सिंह, पशु पति भंडारी, कृष्ण कुमार, दलजीत सिंह, सचिंदर सिंह, ओम प्रकाश, बलवान सिंह, सुभाष, नरेन्द्र सिंह तथा राम मेहर शामिल हैं। वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने स्वागत करते हुए सेवानिवृत्ति लाभों की जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक जागरण	2-1-26	5	2-3

सात विज्ञानी सहित हकृवि के 38 सेवानिवृत्त कर्मचारी हुए सम्मानित



कुलपति प्रो. बलदेव राज कांम्बोज सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ • विज्ञप्ति

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) में पिछले तीन माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए 38 कर्मचारियों के सम्मान में फ्लैचर भवन के सभागार में सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर इसके विकास में सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। प्रो. काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आएं तो उन्हें मान-सम्मान दिया जाए।

पिछले तीन माह में विश्वविद्यालय से सात विज्ञानी, कैंपस स्कूल की एक शिक्षिका और 30 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। विज्ञानियों में डा. राकेश सांगवान, डा. रचना गुलाटी, डा. संजय कुमार, डा. रेणु मुंजाल, डा. राजपाल सिंह, डा. अनिल कुमार महता और डा. राकेश गहलोत शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
दैनिक भूमि	2-11-26	12	5-8

हकृवि के 38 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान

कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सभागार में आयोजित इस समारोह में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने पिछले तीन माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए 38 वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वविद्यालय के प्रति उनकी समर्पित सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों ने अपने सामूहिक प्रयासों, मेहनत और निष्ठा से विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सभी के योगदान का ही परिणाम है कि आज विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों से विश्वविद्यालय के साथ अपना जुड़ाव बनाए रखने तथा इसके विकास में भी योगदान देने का आह्वान किया।



हिसार। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज।

ये हुए सम्मानित

विवि से पिछले तीन माह के दौरान कुल 38 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें सात वैज्ञानिक, कैंपस स्कूल की एक शिक्षिका तथा 30 गैर शिक्षक कर्मचारी शामिल हैं। सेवानिवृत्त होने वाले वैज्ञानिकों में डॉ. राकेश सांगवान, डॉ. रचना गुलाटी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. राजपाल सिंह, डॉ. अनिल कुमार महता तथा डॉ. राकेश गहलोत शामिल हैं। कैंपस स्कूल से शिक्षिका अर्चना लांबा सेवानिवृत्त हुई हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अजीत समाचार	2-11-26	5	6-8

हकृवि में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

हिसार, 1 नवम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने तीन माह के दौरान 38 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए।

उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आह्वान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो.



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ।

काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व सहायक कुलसचिव निशा भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान सात वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 30 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. राकेश सांगवान, डॉ. रचना गुलाटी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. राजपाल सिंह, डॉ. अनिल कुमार महता व डॉ. राकेश गहलोत जबकि कैंपस स्कूल से शिक्षक अर्चना लांबा शामिल हैं। गैर शिक्षक कर्मचारियों में रणधीर सिंह, अशोक कुमार, अनूप सिंह, भजन सिंह, मुनीश कुमार, मनफूल सिंह, राजकुमार, राजे राम, नंद बहादूर, रानी देवी, भूप सिंह, कलावती, संजया देवी, दिनेश कुमार, साधु राम पंवार, भगवान दास, ईश्वर सिंह, सरदार यादव, सुरेश कुमार, हनुमान सिंह, बलजीत सिंह, पशु पति भंडारी, कृष्ण कुमार, दलजीत सिंह, सचिंदर सिंह, ओम प्रकाश, बलवान सिंह, सुभाष, नरेन्द्र सिंह तथा राम मेहर शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
पंजाब केसरी	2-11-26	5	7-8

हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सेवानिवृत कर्मचारियों के साथ।

हिसार, 1 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने तीन माह के दौरान 38 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान सात वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 30 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. राकेश सांगवान, डॉ. रचना गुलाटी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. राजपाल सिंह, डॉ. अनिल कुमार महता व डॉ. राकेश गहलोत जबकि कैंपस स्कूल से शिक्षक अर्चना लांबा शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
हरियाणा मेल	2-11-26	7	1

विश्वविद्यालय के विकास में प्रत्येक कर्मचारी का भरपूर योगदान : प्रो . बीआर कम्बोज



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में रविवार को सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सभागार में आयोजित इस समारोह में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने पिछले तीन माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए 38 वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने रविवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वविद्यालय के प्रति उनकी समर्पित सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों ने अपने सामूहिक प्रयासों, मेहनत और निष्ठा से विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सभी के योगदान का ही परिणाम है कि आज विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से विश्वविद्यालय के साथ अपना जुड़ाव बनाए रखने तथा इसके विकास में भविष्य में भी सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
अमर उजाला	2-11-26	3	1-2

एचएयू से सेवानिवृत्त 38 कर्मचारी सम्मानित

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में रविवार को सेवानिवृत्त 38 कर्मचारियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने सभी को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने कर्मचारियों का स्वागत किया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पिछले तीन माह में सात वैज्ञानिक, एक शिक्षक और 30 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार,
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम	दिनांक	पृष्ठ संख्या	कॉलम
नभ छोर	01.11.26	-----	----

कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह आयोजित

नभ-छोर न्यूज ⏭ 01 नवंबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने तीन माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के 38 कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृत्ति लाभों की जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर व सहायक कुलसचिव निशा भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह के दौरान सात वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 30 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. राकेश सांगवान, डॉ. रचना गुलाटी, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रेणू मुंजाल, डॉ. राजपाल सिंह, डॉ. अनिल कुमार महता व डॉ. राकेश गहलोत जबकि कैंपस स्कूल से शिक्षक अर्चना लांबा शामिल हैं। गैर शिक्षक कर्मचारियों में रणधीर सिंह, अशोक कुमार, अनूप सिंह, भजन सिंह, मुनीश कुमार, मनफूल सिंह, राजकुमार, राजे राम, नंद बहादूर, रानी देवी, भूप सिंह, कलावती, संजया देवी, दिनेश कुमार, साधु राम पंवार, भगवान दास, ईश्वर सिंह, सरदार यादव, सुरेश कुमार, हनुमान सिंह, बलजीत सिंह, पशु पति भंडारी, कृष्ण कुमार, दलजीत सिंह, सचिंदर सिंह, ओम प्रकाश, बलवान सिंह, सुभाष, नरेन्द्र सिंह तथा राम मेहर शामिल हैं।